राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
प्रथम तल, टावर ए, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029.

National Highways & Infrastructure Development Corporation Limited
Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India
First Floor, Tower A, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi-110029, Tel: +91 11 26768950, www.nhidcl.com

BHARATMALA ROAD TO PROSPERITY | Azadi Ka Amrit Mahotsav | NHIDCL BUILDING INFRASTRUCTURE - BUILDING THE NATION CIN: U45400DL2014GOI269062

(भारत सरकार का उद्यम) (A Government of India Enterprise)

फाइल सं. 265543/1277

e-mail recruit.tech1@nhidcl.com

**भर्ती सूचना सं. 05/2026**

राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल), जो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन 2014 में स्थापित एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है, जिसका कार्यक्षेत्र उत्तर पूर्वी राज्य, पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, उत्तराखंड, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में है, निम्नलिखित पात्रता शर्तों, चयन प्रक्रिया, नियोजन आदि के अनुसार आईडीए वेतनमान के ई2 ग्रेड में उप प्रबंधक (तकनीकी) के **85 पदों पर सीधी भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करता है :

| **पद का नाम/वेतनमान (आईडीए)/रिक्तियों की संख्या** | **आवेदन की अंतिम तारीख को ऊपरी आयु सीमा** | **आवश्यक अर्हता और पात्रता मानदंड** | **कार्य दायित्वों का संक्षिप्त विवरण** |
|---|---|---|---|
| **उप प्रबंधक (तकनीकी)**<br>आईडीए वेतनमान – 50,000-3%-1,60,000 रुपये<br><br>अना. 36; अ.जा. 13; अ.ज.जा. 06; अ.पि.व. 22; ईडब्ल्यूएस 08; कुल 85<br><br>85 पदों में से 02 पद निम्नानुसार दिव्यांगजनों के लिए क्षैतिज रूप से आरक्षित है :-<br>(i) बधिर और कम सुनने वाले – श्रेणी (b) — 01 पद<br>(ii) गतिशीलता अक्षमता (लोकोमोटर डिसेबिलिटी) [एक हाथ (OA)/ एक पैर (OL)], कुष्ठ रोग से ठीक हुए व्यक्ति, बौनापन और तेजाब हमले से पीड़ित व्यक्ति:- श्रेणी (c) — 01 पद | 34 वर्ष से अधिक नहीं (आरक्षित श्रेणियों के लिए आयु में छूट नीचे पैरा-4 के अनुसार) | (i) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री;<br><br>और<br><br>(ii) वर्ष 2024/2025/2026 में से किसी भी वर्ष गेट (GATE) (सिविल इंजीनियरिंग) उत्तीर्ण किया हो। | कार्य दायित्वों में राष्ट्रीय राजमार्गों, रणनीतिक सड़कों, पुलों, सुरंगों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं आदि से संबंधित सिविल इंजीनियरिंग परियोजनाओं की योजना बनाना, डिज़ाइन करना, उन्हें लागू करना और उनकी निगरानी करना शामिल है; साथ ही, सरकारी नीतियों और मानकों का पालन सुनिश्चित करना और सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई भी अन्य कार्य करना भी इसमें शामिल है। |

2. **भत्ते और अन्य लाभ :** वेतन के अतिरिक्त; भत्ते एवं अन्य सुविधाएँ एनएचआईडीसीएल के नियमों के अनुसार होंगी।

3. **पात्रता :**

   i. अभ्यर्थियों को ऊपर निर्दिष्ट तथा आगामी पैराग्राफों में दिए गए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, आयु मानदंड और चयन आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

   ii. अभ्यर्थी भारत का नागरिक या नेपाल/भूटान का नागरिक होना चाहिए।

   iii. अभ्यर्थी ने वर्ष 2024/2025/2026 में किसी भी वर्ष सिविल अभियांत्रिकी विषय में गेट (GATE) परीक्षा परीक्षा उत्तीर्ण की हो और वैध गेट स्कोर प्राप्त किया हो।

   iv. आरक्षण/आयु में छूट प्राप्त करने के लिए वैध संरक्षित/आरक्षित श्रेणी प्रमाण पत्र हो।

4. **आयु में छूट :** आयु में छूट विशिष्ट श्रेणियों के लिए निम्नानुसार उपलब्ध होगी :

i. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए 05 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के लिए 3 वर्ष।

ii. निर्दिष्ट मानदंड वाले दिव्यांग (PwBD) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 15 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के अभ्यर्थियों के लिए 13 वर्ष, तथा अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों के लिए 10 वर्ष।

iii. कम से कम पाँच वर्ष की सैन्य सेवा प्रदान कर चुके भूतपूर्व सैनिकों के लिए 05 वर्ष, जिन्हें निम्नलिखित आधारों पर सेवा से मुक्त किया गया हो :

क. कार्यकाल की अवधि पूर्ण होने पर (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष के भीतर पूर्ण होने वाला है), कदाचार या अक्षमता के कारण बर्खास्तगी या सेवा समाप्ति के अतिरिक्त; या

ख. सैन्य सेवा से संबद्ध शारीरिक अक्षमता अथवा अशक्तता के कारण सेवामुक्त।

ग. भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को आयु में छूट प्राप्त करने के लिए सेवामुक्ति प्रमाण-पत्र (डिस्चार्ज सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करना होगा।

5. **आरक्षण प्राप्त करने के लिए पात्रता :**

   i. जातिगत आरक्षण का लाभ उठाने के लिए, उम्मीदवारों को केंद्र सरकार की आरक्षित समुदायों की सूची में सूचीबद्ध जाति से संबंधित होना चाहिए। सत्यापन के समय उम्मीदवारों को वैध अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

   ii. दिव्यांगजन श्रेणी का आरक्षण निम्नलिखित दिव्यांगताओं तक सीमित होगा :-

क. श्रेणी (b); बधिर (D) / कम सुनने वाले (HH), और

ख. श्रेणी (c); एक हाथ (OA)/ एक पैर (OL), कुष्ठ रोग से ठीक हुए व्यक्ति (LC), बौनापन (Dw) और तेजाब हमले से पीड़ित व्यक्ति (AAV)।

iii दिव्यांगजन श्रेणियों के लिए कार्यात्मक आवश्यकताएँ हैं :- बैठना (S), खड़ा होना (ST), चलना (W), झुकना (BN), कूदना (J), चढ़ना (CL), उंगलियों से कार्य करना (MF), पढ़ना और लिखना (RW), देखना (SE), संचार (C)।

## 6. आवेदन प्रक्रिया

i. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट पर भर्ती खंड में आवेदन करना होगा। **(Recruitment Portal)**

ii. ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किए जा रहे सभी निर्दिष्ट दस्तावेज सुपाठ्य और मान्य होने चाहिए।

iii. नियुक्ति प्रस्ताव से पहले सत्यापन के लिए उम्मीदवारों को और सहायक दस्तावेज अपने "आवेदन पावती" पास रखने होंगे।

iv. उम्मीदवारों को सभी प्रकार के पत्राचार के लिए सही, सक्रिय ईमेल पते प्रदान करने होंगे, क्योंकि एनएचआईडीसीएल केवल ईमेल के माध्यम से ही सभी सूचनाएं प्रदान करेगी।

v. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पोर्टल पंजीकरण के दौरान उनका नाम और जन्म तिथि ठीक उसी प्रकार दर्ज किया जाए जैसा कि उनके दस्तावेजों में है।

## 7. महत्वपूर्ण तिथियां :

i. ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : **09 मई, 2026 ( प्रात: 10:00 बजे)**

ii. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : **08 जून, 2026 (सांय 05:00 बजे)**

iii. आयु निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।

iv. उम्मीदवारों को अद्यतन सूचना/परिशिष्ट/निरस्तीकरण/शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी जाती है।

## 8. चयन प्रक्रिया

उम्मीदवारों का चयन सिविल इंजीनियरिंग में गेट (GATE) के उत्कृष्ट स्कोर के आधार पर किया जाएगा, जो उन्होंने 2024, 2025 या 2026 में से किसी भी वर्ष में प्राप्त किया हो। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्म में इन तीनों सालों में से किसी भी साल में हासिल किया गया अपना उत्कृष्ट स्कोर भरें। जिन उम्मीदवारों के स्कोर बराबर होंगे, उनका चयन उनकी जन्म-तिथियों के क्रम के अनुसार किया जाएगा; इनमें से सबसे ज़्यादा उम्र वाले उम्मीदवार को सबसे पहले चुना जाएगा। यदि उम्मीदवारों की जन्म-तिथियाँ एक समान हैं, तो उनका चयन उनके पहले नाम के वर्णानुक्रम के अनुसार किया जाएगा, जैसा कि उनके 10वीं कक्षा के प्रमाण-पत्र में अंकित है।

## 9. योग्यता (मेरिट) सूची तैयार करना

I. चयन समिति (समितियों)/भर्ती प्राधिकरण द्वारा योग्यता क्रम में चयनित उम्मीदवारों की एक सूची तैयार की जाएगी। इस सूची को एनएचआईडीसीएल संवर्ग नियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार कंपनी की वेबसाइट पर उचित रूप से संप्रेषित और/या अधिसूचित किया जाएगा।

## 10. नियोजन (राज्य समूहों का आवंटन)

i. चयनित उम्मीदवारों को भारत में या भारत से बाहर कहीं भी तैनात किया जा सकता है। एनएचआईडीसीएल वर्तमान में नई दिल्ली में अपने कॉरपोरेट कार्यालय के साथ विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 14 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से कार्य करती है। इन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निम्नलिखित चार (04) राज्य समूहों में विभाजित किया गया है :

राज्य समूह-1 : असम, मणिपुर और नागालैंड

राज्य समूह-2 : अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम

राज्य समूह-3 : त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल (उत्तरी बंगाल) और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह

राज्य समूह-4 : जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश।

i. चयनित उम्मीदवारों को उनके लिए आयोजित एक परामर्श सत्र के माध्यम से योग्यता-सह-चयन के सिद्धांत के आधार पर मुख्यालय या एक विशेष राज्य समूह आवंटित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए एनएचआईडीसीएल संवर्ग नियम, 2025; विशेष रूप से नियम 6.5 और नियम 6.6 का संदर्भ लिया जाएगा।

## 11. स्वास्थ्य फिटनेस (मेडिकल फिटनेस)

ii. पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी होने या कंपनी में कार्यभार ग्रहण करने से पहले एक चिकित्सा परीक्षण पास करना होगा और राज्य/केंद्र सरकार के अस्पताल के मेडिकल बोर्ड से मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

## 12. परीविक्षा

iii. चयनित उम्मीदवारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि से गुजरना होगा, जिसे परिस्थितियों के आधार पर अधिकतम दो वर्ष, एक बार में एक वर्ष, के लिए बढ़ाया जा सकता है, जैसा कि नियुक्ति पत्र में निर्दिष्ट है।

iv. परिवीक्षार्थियों को स्थायीकरण के लिए निर्धारित अनिवार्य प्रशिक्षण, यदि कोई हो, सफलतापूर्वक पूरा करना भी आवश्यक होगा।

v. परिवीक्षा के दौरान, नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त किया जा सकता है, या परिवीक्षार्थी नियुक्ति पत्र में निर्दिष्ट अनुसार नोटिस देकर त्यागपत्र भी दे सकते हैं।

## 13. सामान्य निर्देश

i. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं तथा एआईसीटीई/यूजीसी/राज्य तकनीकी बोर्डों द्वारा मान्यता प्राप्त या समकक्ष आवश्यक शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।

ii. अशुद्ध/गलत या अपूर्ण एवं भ्रामक जानकारी देने पर उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

iii. अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार किसी भी छूट के पात्र नहीं होंगे।

iv. प्रमाण पत्रों में नाम भिन्नता के समर्थन में ऐसे कानूनी दस्तावेज होने चाहिए, जो कानून/दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक हों।

v. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव से पहले दस्तावेज़ सत्यापन के समय अपने वर्तमान संगठन से अनापत्ति प्रमाण पत्र/कार्यमुक्ति पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। ऐसे उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करने पर कोई वेतन संरक्षण या पूर्व सेवा लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा।

vi. एनएचआईडीसीएल की आवश्यकताओं के आधार पर रिक्तियों की संख्या बढ़ाई या घटाई सकती है।

vii. एनएचआईडीसीएल किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए विज्ञापन या चयन प्रक्रिया को रद्द कर सकता है।

viii. उम्मीदवारों को अपनी ईमेल आईडी एक वर्ष तक सक्रिय रखनी होगी, ईमेल आईडी में कोई परिवर्तन स्वीकार्य

नहीं होगा।

ix. शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/त्रुटिपत्र/अद्यतन सूचना केवल एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com पर "भर्ती" शीर्षक के अंतर्गत डाले जाएंगे। (Careers - Current Vacancies)

x. अनुयाचन या बाहरी प्रभाव का प्रयास उम्मीदवार को चयन से अयोग्य घोषित कर देगा।

xi. उम्मीदवारों को बिचौलियों/भर्ती एजेंटों/सलाहकारों और धोखाधड़ी वाले नौकरी के वादों से बचना चाहिए।

xii. सभी विवाद दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं, व्याख्या के लिए अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

xiii. सभी पत्राचार केवल recruit.tech1@nhidcl.com पर ईमेल के माध्यम से किया जाएगा। पत्राचार का कोई अन्य तरीका मान्य नहीं होगा।

xiv. एनएचआईडीसीएल में सभी नियुक्तियाँ पृष्ठभूमि सत्यापन प्रक्रिया (बीजीवी) के सफलतापूर्वक पूरा होने के अधीन होंगी। बीजीवी में अन्य बातों के साथ-साथ, उम्मीदवार की पहचान, पता, शैक्षिक और व्यावसायिक योग्यता, चरित्र-पूर्ववृत्त और एनएचआईडीसीएल द्वारा आवश्यक समझी जाने वाली अन्य जानकारी का सत्यापन शामिल हो सकता है।

xv. यदि नियुक्ति से पहले या बाद में किसी भी समय, पृष्ठभूमि सत्यापन का परिणाम असंतोषजनक पाया जाता है, तो एनएचआईडीसीएल के पास रोजगार के प्रस्ताव /नियुक्ति को वापस लेने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

xvi. सत्यापन प्रक्रिया के दौरान एकत्र की गई व्यक्तिगत जानकारी को लागू कानूनों, नियमों और एनएचआईडीसीएल की नीतियों के अनुसार अनुरक्षण किया जाएगा। इसका उपयोग केवल रोजगार से संबंधित मूल्यांकन और सत्यापन के उद्देश्य से किया जाएगा।

xvii. गेट (GATE) स्कोर कार्ड के सत्यापन के लिए, उम्मीदवारों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल—जैसे कि पंजीकृत एनरोलमेंट आईडी, ईमेल आईडी, पासवर्ड और मोबाइल नंबर—अपने पास रखने होंगे, ताकि एनएचआईडीसीएल या एनएचआईडीसीएल द्वारा नियुक्त किसी तृतीय पक्ष द्वारा किए जाने वाले दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान, संबंधित आईआईटी/आईआईएससी (IISc) की आधिकारिक वेबसाइट से स्कोर कार्ड प्राप्त किया जा सके।

xviii. चयनित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व 100 रुपये के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर दो वर्ष के लिए वैध अ-हस्तांतरणीय 5 लाख रुपये का सेवा बंधपत्र (सर्विस बॉन्ड) प्रस्तुत करना होगा। बंधपत्र का प्रारूप कंपनी द्वारा प्रदान किया जाएगा।

xix. विस्तृत जानकारी के लिए, उम्मीदवार एनएचआईडीसीएल संवर्ग (भर्ती, पदोन्नति एवं वरिष्ठता) नियम, 2025 देख सकते हैं, जो एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। कृपया ध्यान दें कि इन नियमों के प्रावधान इस भर्ती सूचना में दिए गए किसी भी निर्देश पर लागू होंगे और यदि कोई निर्देश विरोधाभासी पाया जाता है, तो नियमों के प्रावधान इनका स्थान ले लेंगे।

दिनांक : 24.04.2026

महाप्रबंधक (भर्ती)